Total No. of Printed Pages : 13

**(DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET BEFORE TIME OR UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO)**

# PG-EE-2013

## SUBJECT : Hindi

**D**

10240

**Sr. No.** ...............................

Time : **1¼ Hours** Max. Marks : **100** Total Questions : **100**

Roll No. (in figures)______________ (in words) ______________

Name ______________ Father's Name______________

Mother's Name______________ Date of Examination ______________

______________ (Signature of the Candidate) ______________ (Signature of the Invigilator)

**CANDIDATES MUST READ THE FOLLOWING INFORMATION/INSTRUCTIONS BEFORE STARTING THE QUESTION PAPER.**

1. ***All questions are compulsory and carry equal marks.***
2. The candidates ***must return*** the question booklet as well as OMR Answer-Sheet to the Invigilator concerned before leaving the Examination Hall, failing which a case of use of unfair-means/misbehaviour will be registered against him/her, in addition to lodging of an FIR with the police. Further the answer-sheet of such a candidate will not be evaluated.
3. In case there is any discrepancy in any question(s) in the Question Booklet, the same may be brought to the notice of the Controller of Examinations in writing **within two hours** after the test is over. No such complaint(s) will be entertained thereafter.
4. The candidate ***must not*** do any rough work or writing in the OMR Answer-Sheet. Rough work, if any, may be done in the question booklet itself. Answers **Must Not** be ticked in the question booklet.
5. ***Use only black or blue ball point pen of good quality in the OMR Answer-Sheet.***
6. There will be no ***negative*** marking. Each correct answer will be awarded ***one*** full mark. Cutting, erasing, overwriting and more than one answer in OMR Answer-Sheet will be treated as incorrect answer.
7. *Before answering the questions, the candidates should ensure that they have been supplied correct and complete booklet, containing* **100** *questions (Sr. No. 1 to 100). Complaints, if any, regarding misprinting etc. will not be entertained* **30** *minutes after starting of the examination.*

(Dr. Sanjiv Kumar)

1. आधुनिक काल को 'गद्यकाल' की संज्ञा किसने दी है ?
   (1) नगेन्द्र
   (2) रामचन्द्र शुक्ल
   (3) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (4) श्यामसुन्दर दास

2. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' – पंक्ति किसकी है ?
   (1) बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन
   (2) प्रतापनारायण मिश्र
   (3) भारतेन्दु
   (4) ठाकुर जगमोहन सिंह

3. 'प्रियप्रवास' किसकी कृति है ?
   (1) श्रीधर पाठक
   (2) नवीन
   (3) अम्बिकादत्त व्यास
   (4) हरिऔध

4. 'साकेत' का रचनाकार कौन है ?
   (1) मैथिलीशरण गुप्त
   (2) सियारामशरण गुप्त
   (3) जगदीश गुप्त
   (4) इनमें से कोई नहीं

5. इनमें से द्विवेदीयुगीन कवि कौन ***नहीं*** है ?
   (1) रामनरेश त्रिपाठी
   (2) माखनलाल चतुर्वेदी
   (3) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
   (4) रामकुमार वर्मा

6. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किसने माना है ?
   (1) नगेन्द्र
   (2) देवराज
   (3) दिनकर
   (4) प्रसाद

7. 'कामायनी' का काव्यरूप क्या है ?
   (1) गीतिकाव्य
   (2) खण्डकाव्य
   (3) महाकाव्य
   (4) मुक्तककाव्य

8. हिन्दी में प्रगतिवाद का प्रारम्भ कब से माना जाता है ?
   (1) 1926 ई०
   (2) 1936 ई०
   (3) 1946 ई०
   (4) 1943 ई०

9. इनमें से कौन प्रगतिवादी कवि ***नहीं*** है ?
(1) केदारनाथ अग्रवाल
(2) शिवमंगल सिंह 'सुमन'
(3) नागार्जुन
(4) हरिवंशराय 'बच्चन'

10. प्रयोगवाद का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?
(1) अज्ञेय
(2) मुक्तिबोध
(3) केसरी कुमार
(4) भारती

11. 'ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय' – किसकी पंक्ति है ?
(1) सूर
(2) तुलसी
(3) रैदास
(4) कबीर

12. 'पदमावत' किसकी रचना है ?
(1) रामानन्द
(2) नंददास
(3) जायसी
(4) मुल्ला दाउद

13. 'पदमावत' की भाषा क्या है ?
(1) अवधी
(2) भोजपुरी
(3) मगही
(4) इनमें से कोई नहीं

14. 'बीजक' में किस कवि की रचनाएँ संकलित हैं ?
(1) मलूकदास
(2) कबीरदास
(3) सुन्दरदास
(4) गुरुनानक

15. इनमें से कौन संत काव्यधारा का कवि ***नहीं*** है ?
(1) रैदास
(2) गोविन्ददास
(3) धरमदास
(4) रज्जबदास

16. कबीर की पत्नी का नाम बताइये :
(1) कमाली
(2) रेवली
(3) पाई
(4) लोई

17. 'साखी' का तत्सम रूप क्या है ?
(1) साक्षी
(2) साषी
(3) सखी
(4) इनमें से कोई नहीं

**18.** इनमें से सूफी काव्यधारा का दूसरा नाम क्या है ?

(1) प्रेमाश्रयी काव्यधारा (2) प्रेममार्गी शाखा

(3) प्रेमाख्यानक काव्य (4) ये सभी

**19.** 'मधुमालती' किसकी रचना है ?

(1) मुल्ला दाउद (2) शेखनिसार

(3) मंझन (4) कुतुबन

**20.** गुरु के लिए 'पीर' शब्द का प्रयोग किस परम्परा में हुआ है ?

(1) रीतिकाव्य (2) सूफी काव्य

(3) रामकाव्य (4) कृष्ण काव्य

**21.** आदिकाल को 'सिद्ध सामन्त काल' किसने कहा है ?

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) रामकुमार वर्मा (4) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल

**22.** इनमें से हिन्दी का पहला महाकाव्य किसे माना जाता है ?

(1) कृष्णायन (2) परमालरासो

(3) रामचरितमानस (4) पृथ्वीराजरासो

**23.** विद्यापति ने अपने गीतों की रचना किस भाषा में की है ?

(1) अवधी (2) मैथिली

(3) भोजपुरी (4) मगही

**24.** 'खालिकबारी' किसकी रचना है ?

(1) रहीम (2) रसखान

(3) अमीर खुसरो (4) अब्दुर्रहमान

**25.** 'पृथ्वीराजरासो' का कवि कौन है ?

(1) जगनिक (2) नरपति नाल्ह

(3) देवसेन (4) चन्दबरदाई

**26.** 'परमालरासो' का कवि कौन है ?

(1) शारंगधर (2) नल्ल सिंह

(3) जगनिक (4) शालिभद्र सूरि

27. आदिकाल को 'बीजवपनकाल' नाम किसने दिया है ?
(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(3) रामचन्द्र शुक्ल
(4) रामशंकर शुक्ल 'रसाल'

28. सिद्धों की संख्या कितनी मानी गयी है ?
(1) चौरासी
(2) सत्रह
(3) सत्ताईस
(4) सैंतालिस

29. इनमें से कौन जैन आचार्य है ?
(1) सरहपा
(2) हेमचन्द्र
(3) गोरखनाथ
(4) कण्हपा

30. 'राउलवेल' के रचनाकार का नाम बताइये :
(1) रोडा
(2) भट्टकेदार
(3) दामोदर शर्मा
(4) आसगु कवि

31. स्थायी भावों की संख्या कितनी मानी गयी है ?
(1) दस
(2) नौ
(3) ग्यारह
(4) बारह

32. 'विस्मय' किसका स्थायी भाव है ?
(1) हास
(2) शांत
(3) अद्भुत
(4) वीभत्स

33. 'श्रृंगार रस' का स्थायी भाव क्या है ?
(1) रति
(2) उत्साह
(3) हास
(4) प्रेम

34. 'रसराज' किस रस को माना गया है ?
(1) वीर रस
(2) वात्सल्य रस
(3) शांत रस
(4) श्रृंगार रस

35. इनमें से अर्थालंकार कौन-सा *नहीं* है ?
(1) रूपक
(2) रूपकातिशयोक्ति
(3) वीप्सा
(4) उपमा

**36.** इनमें से शब्दालंकार कौन-सा ***नहीं*** है ?

(1) यमक (2) श्लेष

(3) वक्रोक्ति (4) विभावना

**37.** इनमें से कौन-सा स्थायी भाव ***नहीं*** है ?

(1) हर्ष (2) विस्मय

(3) शोक (4) भय

**38.** काव्यगुण कितने माने गये हैं ?

(1) पाँच (2) दो

(3) सात (4) तीन

**39.** 'ब्रह्मानन्द सहोदर' किसे कहा गया है ?

(1) ध्वनि (2) रस

(3) औचित्य (4) वक्रोक्ति

**40.** 'भूषन बिनु न विराजई कविता बनितामित्त' – किस कवि की पंक्ति है ?

(1) केशव (2) बिहारी

(3) मतिराम (4) देव

**41.** इनमें से कौन-सा नाटक प्रसाद कृत ***नहीं*** है ?

(1) ध्रुवस्वामिनी (2) भारत दुर्दशा

(3) स्कन्द गुप्त (4) चन्द्रगुप्त

**42.** इनमें से कौन-सी कहानी प्रेमचन्द की ***नहीं*** है ?

(1) पंच परमेश्वर (2) बूढ़ी काकी

(3) सुखमय जीवन (4) मंत्र

**43.** 'आषाढ़ का एक दिन' किसके द्वारा लिखा गया है ?

(1) मोहन राकेश (2) लक्ष्मीनारायण लाल

(3) विष्णु प्रभाकर (4) सुरेन्द्र वर्मा

**44.** 'मजदूरी और प्रेम' किसका निबन्ध है ?

(1) कुबेरनाथ राय (2) नगेन्द्र

(3) बालकृष्ण भट्ट (4) सरदार पूर्ण सिंह

**45.** 'बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है' – कथन किसका है ?

(1) भारतेन्दु (2) रामचन्द्र शुक्ल

(3) मुक्तिबोध (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**46.** इनमें से 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन किसने किया था ?

(1) शांतिप्रिय द्विवेदी (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी (4) प्रताप नारायण मिश्र

**47.** महादेवी वर्मा की रचना कौन-सी है ?

(1) अतीत के चलचित्र (2) माटी की मूरतें

(3) बोलती प्रतिमा (4) हमारे आराध्य

**48.** इनमें से सुरेन्द्रवर्मा का उपन्यास कौन-सा है ?

(1) सोना माटी (2) अपने-अपने राम

(3) एक चूहे की मौत (4) मुझे चाँद चाहिए

**49.** 'मित्रो मर जानी' किस विधा की कृति है ?

(1) नाटक (2) उपन्यास

(3) कहानी (4) इनमें से कोई नहीं

**50.** हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम है :

(1) हरिगन्धा (2) हरि सुगन्धा

(3) साहित्य सहचर (4) प्रस्थान

**51.** रामचन्द्र शुक्ल ने रीतिकाल का समय क्या माना है ?

(1) संवत् 1700 से 1900 तक (2) संवत् 1650 से 1850 तक

(3) संवत् 1600 से 1900 तक (4) संवत् 1500 से 1900 तक

52. रीतिकाल को 'श्रृंगारकाल' नाम किसने दिया है ?
(1) रामचन्द्र शुक्ल (2) मिश्रबन्धु
(3) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (4) रामकुमार वर्मा

53. निम्नलिखित में से कौन रीतिबद्ध कवि नहीं है ?
(1) केशव (2) बिहारी
(3) मतिराम (4) भूषण

54. निम्नलिखित में से कौन रीतिमुक्त कवि है ?
(1) भिखारीदास (2) चिन्तामणि
(3) आलम (4) पद्माकर

55. निम्नलिखित में से वीर रस का कवि कौन है ?
(1) भूषण (2) महाराज जसवंत सिंह
(3) सेनापति (4) देव

56. 'प्रेम की पीर' का कवि किसे माना जाता है ?
(1) बिहारी (2) मतिराम
(3) घनानन्द (4) सेनापति

57. इनमें से कौन-सी कृति केशव की है ?
(1) लाल चन्द्रिका (2) कविप्रिया
(3) भाषाभूषण (4) ललितललाम

58. 'बिहारी सतसई' किस वर्ग की रचना है ?
(1) प्रबन्धकाव्य (2) चरित काव्य
(3) चम्पू काव्य (4) मुक्तककाव्य

59. रीतिकवियों की काव्यभाषा बताइये :
(1) अवधी (2) हरियाणवी
(3) ब्रज (4) बुन्देलखण्डी

60. 'ज्यों-ज्यों बूड़ै स्याम रंग, त्यों-त्यों उज्जलु होय' – किसकी पंक्ति है ?
(1) बिहारी (2) घनानन्द
(3) देव (4) बोधा

61. इनमें से कौन-सी रचना अज्ञेय की ***नहीं*** है ?

(1) कितनी नावों में कितनी बार
(2) एक बूँद सहसा उछली
(3) चाँद का मुँह टेढ़ा है
(4) हरी घास पर क्षण भर

62. इनमें से कौन समकालीन हिन्दी कविता का कवि ***नहीं*** है ?

(1) भवानी प्रसाद मिश्र
(2) उदयप्रकाश
(3) चन्द्रकांत देवताले
(4) लीलाधर जगूड़ी

63. इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?

(1) 'जूही की कली' निरालाकृत है
(2) 'उर्वशी' दिनकर की रचना है
(3) 'साये में धूप' सर्वेश्वर की कृति है
(4) भारती दूसरे सप्तक के कवि हैं

64. इनमें से किस साहित्यकार को ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला ?

(1) कुँवरनारायण
(2) नागार्जुन
(3) श्रीनरेश मेहता
(4) दिनकर

65. किस कवि को 'महाप्राण' कहा जाता है ?

(1) प्रसाद
(2) पंत
(3) भगवती चरण वर्मा
(4) निराला

66. 'सत्यार्थ प्रकाश' का लेखक कौन हैं ?

(1) महर्षि दयानन्द सरस्वती
(2) श्रद्धानन्द
(3) विवेकानन्द
(4) महात्मा गाँधी

67. 'अमृतसर आ गया है' किसकी कहानी है ?

(1) निर्मल वर्मा
(2) अमरकान्त
(3) भीष्म साहनी
(4) मोहन राकेश

68. इनमें से प्रेमचन्द का उपन्यास कौन-सा ***नहीं*** है ?

(1) गोदान
(2) देहाती दुनिया
(3) गबन
(4) रंगभूमि

69. निम्नलिखित में से 'उपन्यास सम्राट्' किसे कहा जाता है ?
(1) अमृतलाल नागर
(2) वृन्दावन लाल वर्मा
(3) जयशंकर प्रसाद
(4) प्रेमचन्द

70. इनमें से कौन-सा आंचलिक उपन्यास ***नहीं*** है ?
(1) मैला आंचल
(2) परती परिकथा
(3) बाबा बटेसरनाथ
(4) विराटा की पदि्मनी

71. 'भक्ति' शब्द किस धातु से बना है ?
(1) भग
(2) भक्त
(3) भक्
(4) भज्

72. तुलसी की माता का क्या नाम था ?
(1) हुलसी
(2) रत्ना
(3) भीमा
(4) पद्मा

73. 'रामचरितमानस' किस भाषा में रचित है ?
(1) ब्रज
(2) मैथिली
(3) अवधी
(4) गढ़वाली

74. इनमें से कौन-सी रचना तुलसी की ***नहीं*** है ?
(1) रामचरितमानस
(2) रामचन्द्रिका
(3) जानकी मंगल
(4) विनय पत्रिका

75. 'परहित सरिस धरम नहिं भाई' – उक्ति किसकी है ?
(1) कबीर
(2) अग्रदास
(3) जायसी
(4) तुलसी

76. बल्लभाचार्य ने किस दार्शनिक मत का प्रवर्त्तन किया था ?
(1) शुद्धाद्वैतवाद
(2) अद्वैतवाद
(3) द्वैतवाद
(4) प्रत्यभिज्ञा दर्शन

77. अष्टछाप में कितने कवि माने गये हैं ?

(1) अट्ठारह
(2) सात
(3) आठ
(4) अट्ठाईस

78. 'साहित्य लहरी' किसकी कृति है ?

(1) नन्ददास
(2) सूरदास
(3) छीतस्वामी
(4) गोविन्द स्वामी

79. मीराँ की भक्ति किस प्रकार की है ?

(1) दास्य भाव
(2) सख्य भाव
(3) वात्सल्य भाव
(4) माधुर्यभाव

80. सूर ने किस रस का सूक्ष्म और गम्भीर वर्णन किया है ?

(1) वात्सल्य रस
(2) वीर रस
(3) करुण रस
(4) शान्त रस

81. 'मनु, मानो; जनु, जानो' किस अलंकार के वाचक शब्द हैं ?

(1) उत्प्रेक्षा
(2) उपमा
(3) रूपक
(4) भ्रांतिमान

82. 'श्लेष' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(1) पास-पास
(2) दूर-दूर
(3) चिपका हुआ
(4) इनमें से कोई नहीं

83. 'सजना है मुझे सजना के लिए' में कौन-सा अलंकार है ?

(1) यमक
(2) भ्रांतिमान
(3) प्रतीप
(4) व्यतिरेक

84. चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(1) ग्यारह
(2) बारह
(3) पन्द्रह
(4) सोलह

85. छंद कितने प्रकार के होते हैं ?

(1) दो
(2) तीन
(3) चार
(4) पाँच

**86.** 'चरण-कमल बन्दौ हरिराई' में कौन-सा अलंकार है ?

(1) रूपक (2) उपमा

(3) उदाहरण (4) असंगति

**87.** 'रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरे, मोती मानुस चून।।' – में कौन-सा छंद है ?

(1) सोरठा (2) चौपाई

(3) दोहा (4) बरवै

**88.** संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(1) पैंतीस (2) तेईस

(3) पच्चीस (4) तैंतीस

**89.** उपमेय में उपमान की संभावना होने पर कौन-सा अलंकार होता है ?

(1) उपमा (2) उत्प्रेक्षा

(3) सन्देह (4) भ्रांतिमान

**90.** कबीर की साखियाँ किस छंद में हैं ?

(1) चौपाई (2) दोहा

(3) सोरठा (4) कुण्डलिया

**91.** 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है ?

(1) क् + च (2) क् + छ

(3) क् + श (4) क् + ष

**92.** अशुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए :

(1) उज्ज्वल (2) स्वच्छन्द

(3) शृंगारिकता (4) स्वातंत्र्य

**93.** 'पददलित' में कौन-सा समास है ?

(1) तत्पुरुष (2) कर्मधारय

(3) द्वन्द्व (4) द्विगु

**94.** इनमें से कौन-सा शब्द देशज ***नहीं*** है ?

(1) ढिबरी (2) पगड़ी

(3) ढोर (4) पुष्कर

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुवचन है ?

(1) माता (2) प्राण

(3) लड़की (4) किताब

**96.** 'अन्तेवासी' का आशय है :

(1) गुरु के समीप रहने वाला शिष्य (2) अन्य स्थान पर रहने वाला

(3) अन्त तक रहने वाला (4) किसी विद्या को अन्त तक पढ़ने वाला

**97.** 'अंधे की लकड़ी' का अर्थ है :

(1) गँवार व्यक्ति (2) अनपढ़ व्यक्ति

(3) एकमात्र सहारा (4) बिलकुल असमर्थ

**98.** 'कोयले की दलाली में मुँह काला' का तात्पर्य है :

(1) कोयले का व्यापार करना (2) बुरे काम से बुराई मिलना

(3) झूठ बोलना (4) व्यापार में घाटा होना

**99.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए :

(1) परिक्षा (2) परीच्छा

(3) परिच्छा (4) परीक्षा

**100.** 'रत्नाकर' का पर्यायवाची शब्द है :

(1) समुद्र (2) समाधि

(3) संसार (4) पहाड़